# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 09 फरवरी, 2023

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना

हाल ही में बजट 2023-24 में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान (Prime Minister-Vishwakarma Kaushal samman: PM-VIKAS) योजना की घोषणा की गई है।




//

इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा पारंपारिक कलाकारों और शिल्पकारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी, जिसके लिये सरकार इस योजना के तहत शिल्पकारों को एमएसएमई सेक्टर का हिस्सा बनाएगी। साथ ही उन्हें एमएसएमई मूल्य शृंखला के साथ संग्लग्न करते हुए उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुँच में सुधार करने में सक्षम बनाएगी। इस योजना के माध्यम से अलग-अलग पारंपारिक कौशल को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसके लिये उन्हें ट्रेनिंग और फंडिंग प्रदान करने के साथ ही तकनीकी सुविधाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। इसमें अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, महिलाओं एवं कमज़ोर वर्गों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है। विश्वकर्मा समुदाय के अंतरगत देश के 140 से ज़्यादा जातियाँ आती हैं जो कि देश की एक बड़ी आबादी को कवर करती हैं।

## मिष्टी योजना (MISHTI SCHEME)

हाल ही में वर्ष 2023 के बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा मिष्टी (Mangrove Initiative for Shoreline Habitats & Tangible Incomes: MISHTI) योजना की घोषणा की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत के समुद्र तट के साथ-साथ लवणीय भूमि पर मैंग्रोव वृक्षारोपण की सुविधा प्रदान करना है। यह योजना मनरेगा, कैम्पा (CAMPA) फंड एवं अन्य स्रोतों के मध्य अभिसरण के माध्यम से संचालित की जाएगी। मैंग्रोव ही समुद्र में आने वाली सूनामी जैसे बड़े दुष्प्रभावों को रोकने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मैंग्रोव कुल भारतीय भौगोलिक क्षेत्र का 0.15% हिस्सा कवर करते हैं। यह लगभग 4,975 वर्ग किलोमीटर में है। अकेले पश्चिम बंगाल राज्य में भारत के मैंग्रोव का 42.45% हिस्सा है। मैंग्रोव वन आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, अंडमान और निकोबार, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु में फैले हुए हैं। मिष्टी ( (MISHTI) योजना समुद्र तट के किनारे मैंग्रोव वनों की रक्षा करने में सहायक होगी। मैंग्रोव वृक्ष लवणीय जल के प्रति सहिष्णु होने के साथ ही उष्णकटिबंधीय वर्षावनों की तुलना में चार गुना अधिक कार्बन पृथक्करण करने में सक्षम हैं।

## क्वाड साइबर चैलेंज

**क्वाड देशों द्वारा क्वाड साइबर चैलेंज शुरू किया जा रहा है,** यह 4 देशों में साइबर सुरक्षा सुधार के लिये एक सार्वजनिक अभियान है। इस चैलेंज में शामिल होने और **सुरक्षित तथा ज़िम्मेदारी पूर्वक साइबर का उपयोग करने की शपथ लेने के लिये पूरे हिंद-प्रशांत एवं अन्य क्षेत्रों के इंटरनेट-उपयोगकर्त्ताओं को आमंत्रित** किया जा रहा है। **राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय** के साथ भारत का राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक इस चुनौती में समन्वयक निकाय है। **साइबर अपराध** और अन्य दुर्भावनापूर्ण साइबर खतरे, जो सालाना खरबों डॉलर का नुकसान कर सकते हैं तथा संवेदनशील, व्यक्तिगत डेटा से समझौता कर सकते हैं, के निशाने पर विश्व भर के इंटरनेट उपयोगकर्त्ता हैं। कई साइबर-हमलों को सरल निवारक उपायों द्वारा संरक्षित किया जा सकता है जैसे- **नियमित रूप से सुरक्षा अद्यतन, मज़बूत और नियमित रूप से बदलते हुए पासवर्ड का उपयोग करना, फिशिंग जैसे सामान्य ऑनलाइन घोटालों के बारे में जागरूकता।** QUAD भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान के रूप में चार लोकतांत्रिक देशों का समूह है जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र को "स्वतंत्र, खुला और समृद्ध" बनाना तथा उसका समर्थन करना है।
और पढ़ें...**क्वाड**, **साइबर सुरक्षा**

## RBI ने रेपो रेट में वृद्धि की

भारतीय रिज़र्व बैंक **(Reserve Bank of India- RBI)** ने रेपो दर को **25 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.5%** कर दिया है, जो लगातार छठी दर वृद्धि है। **मौद्रिक नीति समिति (Monetary Policy Committee- MPC)** ने चालू वित्त वर्ष (2022-23) में अपनी सबसे हालिया बैठक में 6.4% वास्तविक GDP वृद्धि (वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये) का अनुमान लगाया है।। **रेपो रेट वह दर है जिस पर RBI वाणिज्यिक बैंकों को पैसा उधार देता है।**




और पढ़ें...[मौद्रकि नीत समति (इन्फोग्राफकि)]

## टड्डियों के एंटीना के साथ इज़रायल का सूँघने वाला रोबोट

**इज़रायल के वैज्ञानकिों** ने जैवकि सेंसर से लैस एक नया सूँघने वाला रोबोट वकिसति कयिा है जो **टड्डियों के एंटीना** का उपयोग करता है **(टड्डियाँ अपने एंटीना से सूँघती हैं और उनमें सूँघने की तीव्र क्षमता होती है)**।
यह रोबोट को मौजूदा **इलेक्ट्रॉनकि स्नफिर्स की तुलना में कहीं अधकि संवेदनशील बनाता है और अग्रमि रोग** नदिान एवं बेहतर सुरक्षा जाँच में सहायक होता है। शोधकर्त्ताओं ने कीट के एंटीना को रोबोट पर दो इलेक्ट्रोड के बीच रखा जो पास की गंध की प्रतक्रियिा के रूप में वद्युत संकेत भेजता है। मशीन लर्नगि से **रोबोट अलग-अलग गंधों की पहचान करने में सक्षम है।**



और पढ़ें... **टिड्डी**, **मशीन लर्निंग**

## ऑपरेशन दोस्त

भारत ने 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत **भूकंप** प्रभावित तुर्किये की मदद के लिये राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल **(National Disaster Response Force- NDRF)** के कर्मियों, आवश्यक वस्तुओं और चिकित्सा उपकरणों को लेकर अपना छठा विमान भेजा है। छठी उड़ान में **बचाव दल, डॉग स्क्वायड और आवश्यक दवाएँ शामिल** हैं। ऑपरेशन दोस्त के तहत भारतीय सेना द्वारा तुर्किये के हटाय प्रांत में एक फील्ड अस्पताल स्थापित किया गया है। भारत ने सीरिया में चिकित्सा आपूर्ति के साथ एक परिवहन विमान भी भेजा है। 6 फरवरी, 2023 को **रिक्टर पैमाने पर 7.7 की तीव्रता के भूकंप ने तुर्किये और सीरिया** को प्रभावित किया है, इसके बाद कई आफ्टरशॉक्स भी देखे गए, जिससे दोनों देशों में भारी तबाही के साथ जानमाल की क्षति तथा बुनियादी ढाँचे को नुकसान पहुँचा। ऑपरेशन दोस्त इस बात का प्रतीक है कि **भारत तुर्किये का मित्र** है अर्थात् दोनों को अपने संबंधों को अधिक मज़बूत करना चाहिये। इससे पहले NDRF को इसी तरह के दो अंतर्राष्ट्रीय अभियानों- वर्ष **2011 में जापान ट्रिपल डिज़ास्टर (भूकंप, सुनामी और परमाणु संकट) एवं वर्ष 2015 में नेपाल में आए भूकंप हेतु भेजा गया था।**




और पढ़ें...[भारत-तुरकयि संबंध](), [भारत द्वारा मानवीय सहायता]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-09-february-2023